# ओनटैरियो में स्थापित होना

वह सब कुछ, जिसकी आपको ओनटैरियो में आने और स्थापित होने के बारे में जानने की आवश्यकता है।

# इस पृष्ठ पर


1. Open a bank account (बैंक खाता खोलें)
2. Find housing (घर ढूंढें)
3. Learn English and French (अंग्रेजी और फ्रांसीसी सीखें)
4. Find a job (नौकरी ढूंढें)
5. Enrol your children in school (अपने बच्चों को स्कूल में दाखिल कराएं)
6. Find child care (बाल देखभाल प्राप्त करें)
7. Get health care (स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करें)
8. Get a driver’s licence (ड्राईविंग लाइसेंस प्राप्त करें)
9. Transportation (परिवहन)
10. Who to call during an emergency (आपातकालीन के दौरान किसे फोन करें)


---

## बैंक खाता खोलें

बैंक खाता आपके पैसे को संभालना आसान बनाता है और इसे सुरक्षित रखता है।

आप तब भी बैंक खाता खोल सकते हैं, चाहे आपके पास कोई पता नहीं है, नौकरी नहीं है, या तुरंत खाते में रखने के लिए पैसा नहीं है।

खाता खोलने के लिए:

1. acceptable, original identification (स्वीकार्य, वास्तविक पहचान) के **कम से कम दो सेट** प्राप्त करें (**बैंक फोटोकॉपी स्वीकार नहीं करेगा)**
2. बैंक चुनें
3. खुद बैंक जाएं
4. उन्हें बताएं कि आप नया खाता खोलना चाहते हैं

जब खाता खुल जाता है, **तो चेक बुक के लिए निवेदन अवश्य करें**। आपको बाद में घर के लिए डिपोजिट कराने अथवा  किराए का भुगतान करने के लिए उसकी आवश्यकता हो सकती है।

इनके बारे में और जानें:

- how to open a bank account (बैंक खाता कैसे खोलें)
- your rights and responsibilities when dealing with banks (बैंकों के साथ लेन-देन करते समय आपके अधिकार एवं जिम्मेदारियां)

---

# घर ढूंढें

जब तक आप रहने के लिए अधिक स्थायी स्थान नहीं प्राप्त कर लेते, तब तक आप किराए पर रहने, घर खरीदने या आपातकालीन घर का चयन कर सकते हैं।

### आपातकालीन घर

यदि आपको आपातकालीन घर ढूंढने में मदद की आवश्यकता है, तो इनमें से एक पर जाएं:

1. Settlement.org
2. Housing Help Association of Ontario (हाउसिंग हेल्प एसोसिएशन ऑफ ओनटैरियो) ऑनलाइन, अथवा इनके द्वारा:
   - फोन: 905-526-8100
   - email (ईमेल)

### किराए पर लेना

ओनटैरियो में किराए का घर खोजने के लिए कई स्थान हैं, जिनमें शामिल हैं:

- इंटरनेट पर और किराए के घर सबंधी प्रकाशनों के वर्गीकृत भागों में खोजना
- एक रियल एस्टेट एजेंट से बात करना
- राशन की दुकानों, लाइब्रेरियों, मशीनी धुलाई घरों, स्वास्थ्य क्लिनिकों, किफ़ायती स्टोर्स, सामुदायिक केंद्रों, सेवा क्लबों अथवा रियल एस्टेट कार्यलयों में बुलेटिन बोर्डों पर खोजना
- रिश्तेदारों अथवा सहकर्मियों से बात करना

यदि आप किराए पर घर लेने का चयन करते हैं, तो आपको यह करना होगा:

1. एक किराया आवेदन पत्र भरें और इसे मकान मालिक के पास जमा करें
2. एक लीज़ (पट्टा) इकरारनामे पर हस्ताक्षर करें, जो कि आपके और आपके मकान मालिक के बीच एक कानूनी इकरारनामा है, जिसमें दिया गया है कि आपको कितना किराया देना होगा और आपके अधिकार व जिम्मेदारियां क्या हैं
3. एक डिपोजिट दें, आमतौर पर यह चेक अथवा मनीऑर्डर के रूप में होता है, जो पहले और अंतिम महीने के किराए की लागत को शामिल करता है
4. अपना मासिक किराया मकान मालिक को समय पर दें (आमतौर पर चेक के रूप में)

इनके बारे में और जानें:

- renting your first home in Canada (कनाडा में आपका पहला घर किराए पर लेना) (PDF)
- how much it costs to rent an apartment in Ontario (ओनटैरियो में एक अपार्टमेंट किराए पर लेने का कितना खर्च होता है)
- your rights as a tenant in Ontario (ओनटैरियो में एक किराएदार के रूप में आपके अधिकार)

### घर खरीदना

कनाडा में, घर खरीदने को Canada Mortgage and Housing Corporation (कनाडा मोर्गेज एंड हाउसिंग कार्पोरेशन) द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

यदि आप घर खरीदने का चयन करते हैं, तो आपको **निम्न में से एक** करना होगा:

- घर की पूरी कीमत का भुगतान करें, सभी फीसों और टैक्सों सहित
- घर के लिए भुगतान करने हेतु बैंक से कर्ज लें **और** इन्हें कवर करने के लिए पर्याप्त पैसा रखें:
    - घर पर डाउन पेमेंट (तत्काल अदायगी)
    - सभी फीसें और टैक्स

इनके बारे में और जानें:

- home-buying in Canada (कनाडा में घर खरीदना)
- what to know before buying a home in Ontario (ओनटैरियो में घर खरीदने से पहले क्या जानना चाहिए)

---

## अंग्रेजी और फ्रांसीसी सीखें

आपके ओनटैरियो में आने से पहले और बाद में test or improve your English and French language skills (आपकी अंग्रेजी और फ्रांसीसी भाषा संबंधी कुशलताओं को जांचने अथवा बेहतर करने) में आपकी मदद के लिए कई कार्यक्रम उपलब्ध हैं।

---

## नौकरी ढूंढें

सरकार द्वारा वित्तपोषित (फंडिड) ऐसे कई कार्यक्रम, सामुदायिक केंद्र और settlement agencies (व्यवस्थापन एजेंसियां) हैं, जो निम्न में आपकी मदद कर सकती हैं:

- काम ढूंढने में
- आपके रिज्यूमे और इंटरव्यू देने की कुशलताओं को बेहतर बनाने में
- कैनेडियन अनुभव और कुशलताएं प्राप्त करने में, जिनकी आपको सफल होने के लिए आवश्यकता है

jobs and employment in Ontario (ओनटैरियो में नौकरियां एवं रोजगार) के बारे में और जानें।

---

## अपने बच्चों को स्कूल में दाखिल कराएं

ओनटैरियो में:

- **6-18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए स्कूल जाना आवश्यक है** (चाहे सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित, प्राइवेट हो या होम स्कूल हो)
- अधिकतर बच्चे सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्कूलों में निशुल्क पढ़ाई कर सकते हैं, चाहे उनकी अप्रवासी स्थिति अथवा उनके अभिभावकों की स्थिति जो भी हो (और अधिक विशेष जानकारी के लिए अपने स्थानीय school board (स्कूल बोर्ड) से संपर्क करें)
- प्राइवेट स्कूल पढ़ाई के लिए फीस या ट्यूशन फीस ले सकते हैं

### पब्लिक स्कूल

सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित शिक्षा प्रणाली को तीन चरणों में बांटा गया है:

1. **Elementary school (एलिमेंटरी स्कूल)**
    - अंग्रेजी, फ्रांसीसी और/अथवा कैथोलिक शिक्षा का विकल्प
    - आमतौर पर किंडरगार्टन से शुरू होकर ग्रेड 8 तक होता है
    - इसमें विद्यार्थी निम्न करेंगे:

        - पठन (रीडिंग), लेखन (राइटिंग) और गणित की बुनियादी बातें सीखेंगे और समझेंगे
2. **Secondary school (सेकंडरी स्कूल)**
    - अंग्रेजी, फ्रांसीसी और/अथवा कैथोलिक शिक्षा का विकल्प
    - आमतौर पर ग्रेड 9 से शुरू होकर ग्रेड 12 तक होता है
    - इसमें विद्यार्थी निम्न करेंगे:
        - उनकी रुचियों और ग्रेजुएशन और उसके बाद के लिए तैयारी पर केंद्रित
3. **Post-secondary school (पोस्ट-सेकंडरी स्कूल)**
    - हर आयु के कॉलेज, यूनिवर्सिटी और पोस्ट-ग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए
    - आपको **अपनी ट्यूशन और किताबों के लिए भुगतान करना होगा** लेकिन आप ओनटैरियो विद्यार्थी वित्तीय सहायता कार्यक्रम (Ontario Student Assistance Program) (ओ.एस.ए.पी.) (OSAP) के द्वारा apply for grants and loans to help you pay for university or college (यूनिवर्सिटी अथवा कॉलेज के लिए भुगतान में आपकी मदद के लिए अनुदानों एवं कर्ज के लिए आवेदन) कर सकते हैं

इनके बारे में और जानें:

- how to enrol your child in school (स्कूल में अपने बच्चे को दाखिल कैसे कराएं)
- find elementary and secondary schools in your community (आपके समुदाय में एलिमेंटरी और सेकंडरी स्कूल ढूंढें)
- full-day kindergarten for children aged 4 and 5 (4 और 5 वर्ष के बच्चों के लिए पूर्णकालिक (फुल-डे) किंडरगार्टन)
- key dates in the school year, including holidays (स्कूल वर्ष में महत्वपूर्ण तिथियां, छुट्टियों सहित) (एलिमेंटरी और सेकंडरी स्कूलों के लिए)
- going to college or university in Ontario (ओनटैरियो में कॉलेज अथवा यूनिवर्सिटी जाना)

**प्राइवेट स्कूल**

**सरकार प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई के लिए भुगतान नहीं करती।** आपको उसके लिए खुद ही भुगतान करना होगा।

प्राइवेट के बारे में और जानें:

- elementary and secondary schools (एलिमेंटरी और सेकंडरी स्कूल)
- post-secondary schools (पोस्ट-सेकंडरी स्कूल)
- career colleges (कैरियर कॉलेज)

- कुछ प्राइवेट कैरियर कॉलेजों को ओ.एस.ए.पी. (OSAP) (स्कूल के लिए भुगतान करने में मदद) की मंजूरी दी गई है। Find out if your school is approved (पता लगाएं कि आपके स्कूल को मंजूरी दी गई है या नहीं)

---

## बाल देखभाल प्राप्त करें

ओनटैरियो में, आपके लिए 2 प्रकार की बाल देखभाल उपलब्ध है:

1. लाइसेंसधारी – सरकार द्वारा नियंत्रित
2. लाइसेंस रहित – सरकार द्वारा नियंत्रित नहीं

लाइसेंसधारी बाल देखभाल स्थानों के लिए प्रतीक्षा सूचियां हो सकती हैं, इसलिए जितनी जल्दी हो सके, खोज शुरू करें।

Find licensed childcare in your community (अपने समुदाय में लाइसेंसधारी बाल देखभाल प्राप्त करें)

इनके बारे में और जानें:

- how to choose quality child care and questions to ask your child care provider (अच्छी बाल देखभाल का चयन कैसे करें और आपके बाल देखभाल प्रदाता को पूछने के लिए सवाल)
- all of the types of child care available to you (आपके लिए उपलब्ध बाल देखभाल के सभी प्रकार)
- child care resources from Settlement.org ( Settlement.org से बाल देखभाल स्रोत)

## स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करें

**यदि यह एक आपातकालीन स्थिति है** और आपके पास ओ.एच.आई.पी. (OHIP) कार्ड नहीं है, तो अपने फोन से **911 पर कॉल करें अथवा अपने नजदीकी अस्पताल जाएं।**

ओ.एच.आई.पी. (OHIP) (ओनटैरियो स्वास्थ्य बीमा प्लान) (Ontario Health Insurance Plan) ओनटैरियो का स्वास्थ्य देखभाल प्लान है। ओ.एच.आई.पी. के द्वारा प्रांत कई स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भुगतान करता है, जिनकी आपको आवश्यकता हो सकती है।

आपको एक ओनटैरियो स्वास्थ्य कार्ड के लिए आवेदन करना होगा, जो प्रमाणित करता है कि आपको ओ.एच.आई.पी. द्वारा कवर किया गया है। जब भी आप अपने डॉक्टर के पास, किसी आपातकालीन रूम में जाएं, चिकित्सा जांच करवाएं अथवा सर्जरी के लिए जाएं, हर बार आपको अपना स्वास्थ्य कार्ड दिखाना होगा।

**आमतौर पर, ओनटैरियो स्वास्थ्य बीमा प्लान (ओ.एच.आई.पी.) कवरेज के लिए तीन-माह की प्रतीक्षा अवधि होती है।** सुनिश्चित करें कि आपके पास इस प्रतीक्षा अवधि के दौरान अपनी स्वास्थ्य-देखभाल आवश्यकताओं को कवर करने के लिए निजी स्वास्थ्य बीमा है।

सुरक्षित किए गए व्यक्तियों (कन्वेन्शन रिफ्यूजी और सुरक्षा की आवश्यकता वाले अन्य लोग) को तीन माह की प्रतीक्षा अवधि से छूट प्राप्त है।

आवेदन करने के लिए:

1. एक आवेदन पत्र प्राप्त करें:
   - online (ऑनलाइन)
   - अथवा your local Service Ontario OHIP Office (अपने स्थानीय सर्विस ओनटैरियो ओ.एच.आई.पी. कार्यालय) से
2. सभी documents you need (दस्तावेज, जिनकी आपको आवश्यकता है) एकत्र करें
3. फार्म भरें और इसे व्यक्तिगत रूप से your local Service Ontario OHIP Office (अपने स्थानीय सर्विस ओनटैरियो ओ.एच.आई.पी. कार्यालय) में दें

जब भी आपके पास दस्तावेज हों, जिनकी आपको आवश्यकता है, आप तभी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, आपको तब तक स्वास्थ्य कार्ड नहीं मिलेगा, जब तक कि आप – 3-month waiting period (3-माह की प्रतीक्षा अवधि) के बाद पात्र न हों।

पुनर्स्थापित रिफ्यूजी और मानवीय कारणों से पुनर्स्थापित अन्य लोग ओनटैरियो में पहुंचते ही तुरंत ओ.एच.आई.पी. कवरेज के लिए पात्र होते हैं। रिफ्यूजी दावेदार, सुरक्षित किए व्यक्ति, मानव तस्करी के शिकार लोग और कुछ अन्य व्यक्ति, जो ओ.एच.आई.पी. के लिए पात्र नहीं हैं, Interim Federal Health Program (IFH). (अंतरिम संघीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (आई.एफ.एच.)) के अंतर्गत सीमित बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल लाभ प्राप्त करते हैं।

इनके बारे में और जानें:

- how to apply for an Ontario health card (ओनटैरियो स्वास्थ्य कार्ड के लिए आवेदन कैसे करें)
- what services are covered by OHIP (ओ.एच.आई.पी. द्वारा कौन-सी सेवाएं कवर की जाती हैं)

- how to find a family doctor or nurse practitioner (एक फैमिली डॉक्टर अथवा नर्स प्रेक्टिशनर कैसे ढूंढें)
- Mental Health Helpline (मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन)
- buying private health insurance for immigrants, newcomers and visitors (अप्रवासियों, नवागंतकों और आगंतुकों के लिए निजी स्वास्थ्य बीमा खरीदना)
- Health benefits under the Interim Federal Health Program - (अंतरिम संघीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य लाभ) https://www.canada.ca/en/immigration-refugees-citizenship/services/refugees/help-within-canada/health-care/interim-federal-health-program/services.html

**यदि आपके पास ओ.एच.आई.पी. कार्ड नहीं है**

यदि आपके पास निजी बीमा नहीं है लेकिन आपको तीन माह की प्रतीक्षा अवधि समाप्त होने से पहले डॉक्टर के पास जाने की आवश्यकता है तो:

- यदि आपातकालीन स्थिति है तो 911 पर कॉल करें
- ग़ैर-आपातकालीन स्थितियों के लिए, निम्न से संपर्क करें:
  - फोन पर निशुल्क चिकित्सा सलाह के लिए 1-866-797-0000 पर टेलिहेल्थ (Telehealth)
  - आपका local Community Health Centre (स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र), आप स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने के योग्य हो सकते हैं
  - आपके समुदाय में a settlement agency (एक व्यवस्थापन एजेंसी) , जो स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में आपकी मदद कर सकती है
  - यदि आप रिफ्यूजी दावेदार अथवा मानव तस्करी के शिकार हैं तो apply for Interim Federal Health Program coverage (अंतरिम संघीय स्वास्थ्य कार्यक्रम कवरेज के लिए आवेदन करें) - https://www.canada.ca/en/immigration-refugees-citizenship/services/refugees/help-within-canada/health-care/interim-federal-health-program/apply.html
  - एक वॉक-इन (बिना तय मुलाकात के) क्लिनिक में जाएं और सेवाओं के लिए सीधे भुगतान करें (आपको इन सेवाओं के लिए रिफंड नहीं दिया जाएगा)

---

## ड्राईविंग लाइसेंस प्राप्त करें

यदि **आपके पास पहले से ही** किसी दूसरे प्रांत, राज्य अथवा देश का **एक वैध ड्राईविंग लाइसेंस है**, तो आप उस लाइसेंस को 60 दिनों के लिए प्रयोग कर सकते हैं। 60 दिनों के बाद, आपको इसे ओनटैरियो ड्राईविंग लाइसेंस में बदलना होगा।

[Apply to exchange an out-of-province licence](#) [(एक प्रांत-से-बाहर लाइसेंस को एक्सचेंज करने के लिए आवेदन करें)।](#)

यदि **आपके पास एक वैध ड्राईविंग लाइसेंस नहीं है** लेकिन आप प्रांत में ड्राइव करना चाहते हैं तो आपकी आयु कम से कम 16 वर्ष होनी जरूरी है और आपके पास ओनटैरियो ड्राईविंग लाइसेंस होना जरूरी है। जब आप आंखों का टेस्ट और सड़क के नियमों के बारे में एक लिखित टेस्ट पास कर लेंगे, तो आप निम्न के लिए आवेदन कर सकते हैं:

- एक जी. क्लास लाइसेंस, यदि आप कार, वैन और/अथवा छोटा ट्रक चलाना चाहते हैं
- एक एम. क्लास लाइसेंस, यदि आप मोटरसाइकिल, मोटर स्कूटर और/अथवा मोपेड चलाना चाहते हैं

[Get a G driver's licence for new drivers](#) [(नए ड्राइवरों के लिए एक जी. ड्राईविंग लाइसेंस प्राप्त करें)।](#)

इनके बारे में और जानें:

- getting a motorcycle licence (मोटरसाइकिल लाइसेंस प्राप्त करना)
- the Driver's Handbook, the guide to help you study for your written test (ड्राइवर की हैंडबुक, आपके लिखित टेस्ट के लिए आपके पढ़ने में मदद के लिए गाइड)
- what happens if you are convicted of breaking driving laws (तब क्या होता है, यदि आप ड्राईविंग नियमों के उल्लंघन के दोषी हों)

---

# परिवहन

## पब्लिक परिवहन

पूरे प्रांत के अधिकतर शहरों व क्षेत्रों में पब्लिक परिवहन उपलब्ध है। आप निम्न में से चयन कर सकते हैं:

- स्थानीय अथवा क्षेत्रीय बसें
- विकलांग लोगों के लिए परिवहन सेवाएं
- ट्रेनें
- प्राइवेट कोच बसें
- स्ट्रीटकारें और/अथवा सबवे (टोरोंटो में)

आपको प्रांत में अधिकतर पब्लिक परिवहन के लिए भुगतान करना होगा। किराए का मूल्य आपकी आयु, स्थान और गंतव्य के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।

इनके बारे में और जानें:

- transportation for seniors and people with short and long-term disabilities (बुजुर्गों और छोटी व लंबी-अवधि के विकलांगों के लिए परिवहन)
- public transit in your city/region (आपके शहर/क्षेत्र में पब्लिक ट्रांज़िट)
- GO Transit trains and buses (गो ट्रांज़िट ट्रेनें व बसें)
- VIA rail trains and schedules (वाया रेल ट्रेनें व समय-सूचियां)

### स्कूल परिवहन

यदि आपको अपने बच्चों के लिए, स्कूल आने-जाने के लिए परिवहन का प्रबंध करने की आवश्यकता है, तो Contact your local school board (अपने स्थानीय स्कूल बोर्ड से संपर्क करें)।

---

## आपातकालीन स्थिति के दौरान किसे फोन करें

**यदि आपातकालीन स्थिति है तो, 911 पर कॉल करें।**

ओनटैरियो में लोगों को निम्न के बारे में संकट सूचनाएं देने के लिए एक आपातकालीन तैयारी सिस्टम है:

- सर्दी में तूफान
- बादल गरजने और बिजली वाले तूफान
- जंगल में आग
- चक्रवात
- बाढ़
- अत्यंत गर्मी
- न्यूक्लियर आपातकालीन स्थितियां
- स्वास्थ्य सबंधी प्रकोप
- भूकम्प

आपातकालीन स्थिति के दौरान Sign up for email and text alerts (ईमेल और टेक्सट संकट सूचनाओं के लिए साइन अप करें)।

how to prepare for an emergency (आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयारी कैसे करें) के बारे में और जानें।